## खबर संक्षेप

### पेंच नदी के अटल घाट पर मनाई अटल जयंती



**न्यूटन / परासिया :** न्यूटन भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती अटल घाट , न्यूटन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई । इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रहित में किए गए योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया । कार्यक्रम में सुशासन दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीचंद पटेल , पूर्व मंडल महामंत्री हरि आठनकर , मंडल उपाध्यक्ष दीपअक्षय (बिट्टू ) भनारिया , मंडल उपाध्यक्ष सोनू पंडित , मंत्री अखिलेश डहरिया , पार्षद राहुल सराठी , इंद्रपाल साहू , सतीश रडवे , रमेश साहू ,शरीफ खान , शिवनाथ कनोजिया , श्याम श्रीवास्तव , राजेंद्र यादव , रवि सोनवंशी , रूप चौहान , दीपक बाथरी , संजय ककोड़िया , राहुल यदुवंशी , नरेश पटेल , श्रीमन पटेल , गंगा साहू , योगेंद्र सोनी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जन अभियान परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन व परामर्शदाता विनोद तिवारी , श्रीमती तृप्ती सिंह , श्रीमती लता नागले, जयप्रकाश सुर्यवंशी, आशिष साहू के मार्गदर्शन मे विकासखण्ड छिंदवाडा के सेक्टर क्र. 5 मे स्थित चौपाल सागर मे पंडित मदन मोहन मालवीय जी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी एवं हिंदी साहित्यकार धर्मवीर भारती जी की जयंती के उपलक्ष मे वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया।

## नगर निगम की गलत कार्यप्रणाली को ठहराया जिम्मेदार

# महिला की मौत से परिजनों का हंगामा, किया चकाजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



नरसिंहपुर नाके में रहने वाली श्रीमती शीलू माहेश्वरी की गुरुवार को एक दुर्घटना में निधन हो गया। दरअसल नगर निगम की सड़कों पर गिट्टी की वजह से महिला योगा क्लास जा रही थी तभी वह गिट्टी के कारण गाड़ी से गिर पड़ी और तेजी से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई जिसके बाद परिजन और क्षेत्रवासियों ने हंगामा खड़ा कर दिया।

हादसे के बाद कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों व नरसिंहपुर नाका के पास हादसे के पीड़ित परिवार के साथ ही आमजन ने व्यक्त किए। आंदोलनरत कांग्रेसजन व आक्रोशित आमजन ने कहा कि नरसिंहपुर रोड स्थित शॉपिंग जोन के ठीक सामने एक नाला का निर्माण होना है। जिसके लिए मुख्य सड़क को बीच से गोदा गया और उसका मलबा सड़क पर ही फेंक दिया। इसके पश्चात से कार्य पूरी तरह बंद है और 6 माह बीत चुके हैं। इस अधूरे कार्य की वजह से 25 दिसम्बर दिन गुरुवार को यहां एक अप्रिय सड़क दुर्घटना घटित हुई जिसमें गांधी गंज निवासी अतुल माहेश्वरी की धर्मपत्नी श्रीमती शीलू माहेश्वरी की मौत हो गई। पीड़ित माहेश्वरी समाज व क्षेत्रीय लोगों ने सार्वजनिक रूप आक्रोश व्यक्त किया।

### कांग्रेस ने सौंपा पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

दर्दनाक हादसे से दुखी कांग्रेस ने नरसिंहपुर नाका पहुंचकर आंदोलन व चक्का जाम कर दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर, एसपी व निगम कमिशनर के नाम सौंपा। .नरसिंहपुर रोड शॉपिंग जोन



के सामने नगर निगम ने सड़क को खोद और मलबा वहीं छोड़ दिया। 06 माह से यहां आवागमन प्रभावित हो रहा। आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही। .माहेश्वरी परिवार की एक महिला की सड़क दुर्घटना में जान चली गई। इसके पूर्व भी यह कार्य पूरा कराने हेतु ननि से कहा गया था, किन्तु उन्होंने ध्यान नहीं दिया। इसीलिये हादसे के जिए पूर्ण जिम्मेदार नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा है। .दुर्घटनाग्रस्त स्थल चौराहा, शॉपिंग जोन व पेट्रोल पम्प भी है। यातायात के बढ़ते दबाव को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल ट्रेफिक पाइंट लगाया जाए। ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। अधूरा नाला निर्माण तत्काल पूरा किया जाए। आस-पास रखे बड़े पत्थरों को तत्काल हटाया जाए। .न्यू पंजाब लॉन के सामने रोड डिवाइडर छोटा होने से भी वाहन चालकों दिखाई नहीं देता। यहां नाला भी जिसके एक ओर मवेशी बंधे हुए रहते हैं तो दूसरी ओर पटरी पर मलबा पड़ा है। इन सभी को तत्काल हटाया जाए। .चौराहे को विकसित किया जाए ताकि रात्रि के सामने आवागमन सुगम हो साथ ही यहां उजाले के लिए हाई मास्ट प्राथमिकता के आधार पर लगाया जाए।

## डुंगरिया चौकी क्षेत्र का मामला

# कुएं में गिरकर डूबने से युवक की मौत, पुलिस कर रही जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

डुंगरिया चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम सारंगढाना में कुआं में गिर कर इत्तुलाल लाल पिता पीरमुलाल इवनाती उम्र 37 वर्ष गुरुवार को मौत हो गयी. वहीं डूंगरिया चौकी प्रभारी अंजना मरावी को मृतक की पत्नी गीता बाई से सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कुए से निकालकर कर पीएम कर परिजनों को सोपा. घटना के संबंध में चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक एक दिवस पूर्व खेत में बने समतल कुंऐ के समीप मटर इत्यादि हेतु कृषि कार्य खेत में कर रहा था जिस दौरान इसके पैर फिसलने के पश्चात वह कुएं में गिर गया.मृतक ने डूबने के दौरान आवाज भी लगाई जिस पर पत्नी दौड़कर कुएं के समीप पहुंची जहां ग्रामीणों की मदद से मृतक को निकालने का प्रयास किया गया जो असफल हुआ जिसके पश्चात सूचना पुलिस को दी लेकिन में पानी अत्यधिक होने के कारण मृतक नीचे जा चुका था. कार्रवाई के दौरान आरक्षक कमलेश धुर्वे भी उपस्थिति थे।

# बाइक पर युवक को आया हार्ट अटैक, डॉक्टर ने CPR देकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से मानवता और त्वरित सूझबूझ की एक ऐसी मिसाल सामने आई है, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया है. शहर के व्यस्त सत्कार तिराहे के पास सड़क पर मौत से जंग लड़ रहे एक युवक के लिए मेडिकल कॉलेज के डॉ. दिनेश ठाकुर 'देवदूत' बनकर सामने आए। जानकारी के अनुसार, चलती बाइक पर युवक को अचानक हार्ट अटैक आया और वह बेहोश होकर गिर पड़ा. जिसे डॉक्टर ने तत्काल सीपीआर (CPR) देकर मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया. इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम करीब 6 बजे गुलाबरा निवासी सतीश वर्मा अपनी बाइक से सत्कार तिराहे के समीप से गुजर रहे थे.



तभी अचानक उन्हें सीने में तेज दर्द उठा और वे अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े. उसी समय जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज में पदस्थ एमडी मेडिसिन डॉ. दिनेश ठाकुर अपने क्लिनिक के बाहर खड़े थे. बाइक गिरने की आवाज सुनकर वे तुरंत मौके की ओर दौड़े. उन्होंने देखा कि युवक पूरी तरह अचेत था और उसकी धड़कनें थम रही थीं.

### 3-4 मिनट की मशक्कत और लौट आई सांसें

डॉ. ठाकुर ने बिना एक पल गंवाए पेशेवर कुशलता का परिचय दिया और युवक को सड़क पर सीधा लिटाकर सीपीआर देना शुरू किया. लगभग 3 से 4 मिनट तक लगातार चेस्ट कंप्रेशन देने के बाद युवक के शरीर में हलचल हुई और उसे होश आ गया. होश आने पर स्थानीय लोगों की मदद से उसे क्लिनिक ले जाया गया. जांच में पता चला कि युवक को 'माइनर अटैक' आया था. लेकिन सही समय पर प्राथमिक उपचार मिलने के कारण बड़ा खतरा टल गया. फिलहाल सतीश पूरी तरह स्वस्थ हैं।

# विधायक चौरे के बयान पर भाजपा का आज आंदोलन

**सौंसर।** पांढुर्णा किसान आंदोलन में.विधायक विजय चौरे के द्वारा भाजपा नेताओं एवं मोहड़ परिवार के खिलाफ दिए गए बयान के बाद में सौसर की राजनीति में गर्माहट आ गई है।कांग्रेस विधायक विजय चौरे को घेरने के उद्देश्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से 26 दिसंबर शुक्रवार को सौसर में जन आक्रोश रैली का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा के आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने के उद्देश्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से भाजपा कार्यालय में बैठक भी संपन्न की गई थी। बैठक में विधायक विजय चौरे के द्वारा दिए गए बयान की भाजपा नेताओ कार्यकर्ता के द्वारा कड़ी निंदा की गई है। शुक्रवार को भाजपा के द्वारा कार्यकर्ता जन-आक्रोश रैलीका आयोजन सुबह 11 बजे नगर के सौसर बाजार चौक में किया जाएगा,जहां पर आमसभा के बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा रैली निकालकर विधायक विजय चौरे पर कार्रवाई की मांग को लेकर सौसर प्रशासन को ज्ञापन सोपा जाएगा, बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेताओं कहा कि विधायक विजय चौरे के द्वारा दिया गया बयान सौसर क्षेत्र की शांति को भंग कर रहा है। बयान के बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं में विधायक चौरे के प्रति गहरा गुस्सा देखा जा रहा है। भाजपा के द्वारा इस आंदोलन में बड़ी संख्या में सौसर और पांढुर्णा क्षेत्र से भाजपा कार्यकर्ताओं को जुटाने की तैयारी भी की गई है। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, सौसर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, मोहगांव नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप घाटोडे, सौसर नपा उपाध्यक्ष विनोद जूनघरेभाजपा नेता संतोष जैन नरेंद्र परमार हरीश बत्रा आनंद ठाकरे, दीपक कांबले देवेंद्र गायकवाड प्रीतम रावत सदन साहू श्रीमती उषा भमोरे, दर्शन झाडे, राहुल मोहड़,आदि थे।

### सुशासन की शपथ दिलाई गई शपथ

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन की सुशासन नीति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर सुशासन सप्ताह के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् मोहखेड़ के सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता श्री कैलाश सोनेवार, श्री दिनेश नारेकर एवं एमएसडब्ल्यू विद्यार्थियों में प्रवीण डोलेकर, शशी बारंगे, मीना राजनकर, गिरिश्मा चौतरे, मिनी मस्तकार, बीएसडब्ल्यू छात्रा पायल सूर्जुसे व ग्राम निवासी गीतांजली, देशमुख, रोशनी, रेखा, छवि नारेकार के माध्यम से सेक्टर क्रमांक 04 व 05 के ग्राम-उमरनाला व खैरवाड़ा में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पं.अटल बिहारी वाजपेयी जयंती मनाई गई।

### बिना पानी जीवित रहना असंभवः आठनेरे

**पांढुर्णा।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संपूर्ण प्रदेश में जल संचयन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 15 नवंबर से 30 दिसंबर तक जल संरक्षण एवं जल संचयन को लेकर व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत बोरी बंधान, जल संवाद, कार्यशालाएं एवं संगोष्ठियों का आयोजन सीएमसीएलडीपी छात्रों के चयनित ग्रामों एवं प्रस्फुटन ग्रामों में किया जा रहा है। इन गतिविधियों में प्रस्फुटन समितियों, स्वैच्छिक संगठनों, पंचायत समितियों एवं सीएमसीएलडीपी छात्रों द्वारा जन अभियान परिषद के नेतृत्व में सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम संपन्न किए जा रहे हैं। जिला पांढुर्णा में यह अभियान जिला कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ एवं जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बंद्धु श्री सूर्यवंशी एवं विकासखंड समन्वयक श्री दिलीप आठनेरे के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### शासकीय विद्यालय खैरीपैका में विद्यार्थियों को मिला कैरियर मार्गदर्शन

**पांढुर्णा।** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार कल दिनांक 24 दिसंबर 2025 को जिला रोजगार कार्यालय छिंदवाड़ा के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरीपैका, विकासखंड पांढुर्णा में कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई। कैरियर काउंसिलिंग के माध्यम से छात्र–छात्राओं को उनकी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुसार विषय चयन, उच्च शिक्षा के अवसर, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार की संभावनाओं तथा कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिला रोजगार कार्यालय के अधिकारियों द्वारा छात्रों को बताया गया कि सही समय पर उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर वे अपने भविष्य की बेहतर योजना बना सकते हैं। साथ ही विद्यार्थियों को सरकारी एवं निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा स्वरोजगार की संभावनाओं से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे और उन्होंने ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाकर उन्हें अपने कैरियर के प्रति सही दिशा प्रदान करना रहा।

## घटयात्रा से हुआ सिद्धचक्र विधान का भव्य शुभारंभ

**छिंदवाड़ा।** गुरुवार 25 दिसंबर के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में आठ दिनों तक चलने वाले श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य शुभारंभ घट यात्रा से हुआ।आठ दिवसीय मंगल विधान कराने का सौभाग्य मोतीलाल सुबोध कुमार, सुधीर कुमार जैन कोल्ड स्टोर वाले भैयाजी परिवार को प्राप्त हुआ, जिनके मंगल आमंत्रण पर सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन के हजारों जैन बंधुओं ने धर्म आराधना की।इस अवसर पर प्रातःकाल की मंगल बेला पर घटयात्रा के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ जो रेलवे स्टेशन से गांधी गंज का भ्रमण कर नई आबादी पार्श्वनाथ जिनालय पहुंची जहां आयोजक परिवार के साथ मंडल के मंत्री अशोक वैभव, सुरेन्द्र जैन, फेडरेशन उपाध्यक्ष जिनेन्द्र जैन, सचिव दीपक राज जैन सहित बड़ी संख्या में जिनशासन सेवकों ने ध्वजारोहण किया पश्चात श्री मंडप का उद्घाटन, श्रीजी सहित मां जिनवाणी, मंगल कलश, अष्ट मंगल द्रव्य एवं अष्ट प्रातिहार्य की स्थापना विधि विधान पूर्वक की गई।इस अवसर पर जयपुर से पधारे युवा विद्वान पंडित जिनेन्द्र शास्त्री, पंडित हिमांशु शास्त्री के साथ स्थानीय विद्वान पंडित ऋषभ शास्त्री, डॉक्टर विवेक जैन, पंडित रूपेंद्र शास्त्री द्वारा सम्पूर्ण विधि विधान कराकर श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ कराया गया।मंगल प्रवचनों के क्रम में सकल जैन समाज ने पंडित विपिन शास्त्री नागपुर एवं पंडित जिनेन्द्र शास्त्री जयपुर के मंगल प्रवचनों का लाभ लिया, वहीं बच्चों की पाठशाला के साथ अंताक्षरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।



# उप संचालक डॉ.पक्षवार ने विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण कर पशुपालकों का किया सत्यापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार के निर्देशन में दुग्ध समृध्दि सम्पर्क अभियान₹ के द्वितीय चरण के अंतर्गत गत दिवस उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा विकासखण्ड अमरवाड़ा के ग्राम करबडोल व गाडरवारा के पशुपालकों का सत्यापन किया गया। इसके बाद पशु चिकित्सालय अमरवाडा का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को सभी विभागीय लक्ष्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए । इसके बाद विकासखंड हर्रई के ग्राम कोहपानी एवं गौरपानी में 2- 2 पशुपालकों से ग्राम में भ्रमण कर रहे सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों/मैत्री कार्यकर्ता द्वारा तीन मुख्य स्तंभों नस्ल सुधार, पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य के संबंध में क्या-क्या बातें बताई गई, उन्हें रील मोबाइल में दी गई या नहीं का सत्यापन किया गया । इसके बाद उप संचालक डॉ.पक्षवार द्वारा पशु औषधालय गौरपानी का निरीक्षण किया गया। उप संचालक डॉ. पक्षवार ने बताया गया कि दुग्ध समृध्दि सम्पर्क अभियान का प्रमुख उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाने के लिये पशुपालकों से गृह भेंट कर उनको तीन मुख्य स्तंभों नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर व्यापक रूप से जागरूक करना है।

# छिंदवाड़ा के लाल ने फिर लहराया परचम

## आर्यन रघुवंशी बने मध्यप्रदेश अंडर-14 क्रिकेट टीम के कप्तान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के खेल जगत के लिए यह बड़े गर्व का विषय है कि विद्याभूमि स्कूल के छात्र आर्यन रघुवंशी को मध्यप्रदेश अंडर-14 क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है. आर्यन के साथ छिंदवाड़ा के ही तनमय बाघ का चयन भी इस टीम में खिलाड़ी के तौर पर हुआ है।

ये दोनों खिलाड़ी आगामी जनवरी 2026 में राजस्थान के सीकर जिले में आयोजित नेशनल स्कूल गेम्स (SGFI) में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। खास बात यह है कि मध्यप्रदेश टीम के कोच की जिम्मेदारी भी छिंदवाड़ा के असलम खान को सौंपी गई है।

आर्यन के कोच असलम खान ने बताया कि आर्यन एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं, जो राइट आर्म स्पिन बॉलिंग के साथ शानदार बल्लेबाजी भी करते हैं. हाल ही में छतरपुर में आयोजित संभागीय स्तरीय टूर्नामेंट में आर्यन के नेतृत्व में महाकौशल (जबलपुर संभाग) की टीम विजेता बनी थी। नियमानुसार, विजेता टीम के कप्तान को ही प्रदेश की टीम की कमान सौंपी जाती है. कोच के अनुसार, आर्यन के लगातार अच्छे प्रदर्शन, अनुशासन और टीम भावना के कारण उन्हें इस गौरवशाली पद के लिए चुना गया है।

### साधारण परिवार की असाधारण मेहनत

आर्यन के पिता रामनाथ रघुवंशी छिंदवाड़ा **SAF** बटालियन में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं. उन्होंने बताया कि आर्यन पिछले 3 वर्षों से कड़ी मेहनत कर रहा है. स्कूल से लौटने के बाद वह प्रतिदिन 3 से 7 बजे तक इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान की एकेडमी में पसीना बहाता है और फिर घर आकर पढ़ाई करता है. पिता ने भावुक होते हुए बताया कि आर्थिक चुनौतियों के बावजूद आर्यन के दादाजी (जो एक कृषक हैं) ने खेल के खर्चों में बहुत सहयोग किया.



### बधाईयों का लगा तांता

विद्याभूमि स्कूल की प्राचार्य विजया यादव और जिले के खेल प्रेमियों ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी है. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आर्यन का प्रदर्शन इसी तरह जारी रहा, तो भविष्य में उनके लिए अंडर-17, अंडर-19 और नेशनल टीम के दरवाजे भी खुल सकते हैं.

### बोरगांव के मंगेश का आईपीएल में जलवा

क्रिकेट की दुनिया में छिंदवाड़ा का नाम रोशन करते हुए बोरगांव के मंगेश यादव का चयन आईपीएल (**IPL**) में हुआ है. उन्हें आरसीबी (**RCB**) ने भारी-भरकम 5.20 करोड़ रुपये में खरीदा है. आर्यन की कप्तानी के बीच मंगेश की यह उपलब्धि जिले के उभरते खिलाड़ियों के लिए बड़ी प्रेरणा बनी है.

# प्रदेश में बिजली की मांग ने नई ऊंचाइयों को छुआ

## पहली बार साढे 19 हजार के पारः19572 मेगावाट का नया रिकार्ड दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक बिजली की मांग का नया रिकार्ड 24 दिसंबर को प्रातः 10.43 बजे उस समय बना जब विद्युत की शीर्ष मांग साढे 19 हजार मेगावाट के आंकड़े को पार करती हुई आज तक के शीर्ष शिखर 19572 मेगावाट तक जा पहुंची। विशेष बात यह रही कि प्रदेश में सर्वाधिक बिजली की मांग की आपूर्ति निर्बाध रूप से की गई। इससे पूर्व 23 दिसंबर को प्रदेश में बिजली की मांग 19371 मेगावाट दर्ज हुई थी।



**प्रदेश में कैसी रही बिजली की मांग-** प्रदेश में जब बिजली की मांग 19572 मेगावाट पर दर्ज हुई उस दौरान मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर व रीवा संभाग) में5317 मेगावाट, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल व ग्वालियर संभाग) में 6221 मेगावाट, मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर व उज्जैन संभाग) में सर्वाधिक 7640 मेगावाट, एस.ई.जेड एवं रेलवे में 394 मेगावाट बिजली की मांग दर्ज हुई। ऐसे हुई आपूर्ति- अधिकतम मांग के समय ताप विद्युत उत्पादन 2670 मेगावाट जल विद्युत उत्पादन 1889 मेगावाट नवकरणीय ऊर्जा 1691 मेगावाट व एनटीपीसी, बैंकिंग एवं अन्य सोर्स से कुल 13322 मेगावाट बिजली प्राप्त हुई।

## संवाद के माध्यम से जाना जल का महत्व ओर लिया शपथ

**छिंदवाड़ा।** जल के महत्व को जन जन तक पहुचाने हेतु मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल के सहयोग से कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के द्वारा लाईफ स्टाईल फार इनवायरमेंट की विषय वस्तु पर जल संवाद को लेकर छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम पिंडरई कला पंचायत भवन मे जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर श्यामल राव ने उपस्थित छात्रो को बताया की भीषण गर्मी मे जल का स्तर गिर जाने की वजह से पीने योग्य पानी की कमी रहती हे यदि हम प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं नलो से मिलने वाले पानी को किस तरह से बरबाद कर रहे हे इस पर चिंतन करने की आवश्यकता हे । जल की उपयोगिता से अवगत कराते हुये ग्रामीणों को बताया की मानव जीवन को सुरक्षित करने हम सभी को जल का संरक्षण करने पहल करना चाहिए जैसे घरेलू बर्तनों को धोने के पूर्व बर्तनों को पानी से फुलाने दो ओर बाद मे साफ पानी से धोये, एसी ओर आर ओ से निकलने वाले जल को बाल्टी मे भरकर अन्य कार्यो मे उपयोग करने के कई नुख्से बताए वही, जहां एक ओर गर्मी के समय भीषण जल संकट से निपटने के लिए बरसात में पानी बचाने के लिए बरसात के पानी को सहेजकर रखें तो हमारा ग्राम खुशहाल बन सकता हे इसलिए हम सब मिलकर पानी के महत्व को समझते हुये इसे सहेजकर रखें।



## 100 दिवसीय शिविरों का शतक हुआ पूरा, छिन्दवाड़ा के दूरस्थ ग्राम बटकाखापा में 4573 हजार मरीजों ने उठाया शिविर का लाभ

# जिले की जनता की सेवा के लिए समर्पित है मेरा जीवन : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में 100 दिनों से निरंतर जारी 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का शतक छिन्दवाड़ा के दूरस्थ ग्राम बटकाखापा में जिला स्तरीय व मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के साथ ही पूरा हो गया। सांसद श्री साहू की पहल पर दोनों जिलों में लगातार दूसरे वर्ष आयोजित हुए 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में जहां 87,214 हजार शहरी एवं दूरस्थ अंचलों के निवासरत मरीजों ने लाभ उठाया वहीं 10,671 विभिन्न बीमारियों के सफल ऑपरेशन भी



हुए। संभवतः पूरे देश में यह पहला ऐसा शिविर है जिसमें लगातार 100 दिनों तक शिविर लगाकर मरीजों का उपचार किया गया हों। शिविर में बटकाखापा सहित दूर दराज अंचलों से भी बडी संख्या में ग्रामीणजन शिविर का लाभ लेने के लिए पहुंचे हुये थे। इस दौरान जहा 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन किया गया वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के साथ ही सांसद खेल महोत्सव का भी सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा विजेता टीमों को पुरूस्कृत कर विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मेरा जीवन आदिवासी भाई बहनों और आमजनों की सेवा के लिए समर्पित है। मुझे लगातार दूसरी वर्ष दोनों जिलों के शिविरों में जाकर गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा का अवसर मिला। इन शिविरों को सफल बनाने में भाजपा के मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और विशेष तौर पर स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम का विशेष योगदान रहा जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। यह सिलसिला निरंतर आगे भी जारी रहेंगा। दोनों जिलों के जरूरतमंदों को हर संभव स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना ही मेरा उद्देश्य है। कार्यक्रम को पूर्व महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरे देश में आयोजित हुए सांसद खेल महोत्सव में भी हमनें कीर्तिमान स्थापित किया है। हमने जहां 1 लाख 85 हजार ऑनलाईन पंजीयन के माध्यम से मध्यप्रदेश में सबसे अधिक शहरी एवं ग्रामीण खिलाड़ियों को सांसद खेल महोत्सव में शामिल करते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया।

## भाजपा नगर मंडल चौरई द्वारा श्रद्धा संकल्प, प्रेरणा व उत्साह के साथ मनाई गई अटल जयंती

# अटल चौक तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया अटल जी को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चौरई द्वारा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं प्रेरणादायी वातावरण में मनाई गई कार्यक्रम का आयोजन पहले भाजपा नगर मंडल कार्यालय में किया गया, जहां अटल जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया गया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेई जी के प्रेरणास्पद जीवन, दूरदर्शी नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी ने राजनीति को सेवा, संवेदना और सुशासन की नई परिभाषा दी तथा भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त पहचान दिलाई मंडल कार्यालय में कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बाईपास स्थित अटल चौक पहुंचे उल्लेखनीय है कि इस चौक का नामकरण पूर्व में ही अटल बिहारी वाजपेई जी के सम्मान में अटल चौक किया गया था। यहां पर भी समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनका जन्मदिन श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके विचार और सिद्धांत आज भी समाज और संगठन को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं उन्होंने कार्यकर्ताओं से अटल जी के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्रसेवा में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता संजय ठाकुर, उपाध्यक्ष चंद्रभान सोनी, आनंद चौरसिया, सुमित सराठे, दीपा राय,सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे पूरे कार्यक्रम का समापन भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के संकल्प के साथ हुआ।

## सांसद बंटी साहू, नाना मोहोड़ के प्रयासों से होगा मरीजों का इलाज

**सौंसर।** सांसद विवेक 'बंटी' साहू की अनुशंसा व पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ की पहल पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से सहायता राशि सुकृत हुई है। मिली जानकारी के अनुसारआर्थिक तंगी से जूझ रहे गंभीर रोगियों के लिए प्रदेश सरकार की ओर से महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की गई है। सांसद विवेक बंटी साहू की अनुशंसा तथा पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ की सक्रिय पहल पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से छह मरीजों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। इससे लंबे समय से उपचार के लिए संघर्ष कर रहे परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। लाभार्थी मरीजों में हर्षा कोठे सौसर 15,000राजू भांगे उटेकाटा 40,000 सुधांशु सोमकुवर जाखीवाड़ा 45,000,जितेंद्र वाघमारे लोधीखेड़ा 25,000संजय डहाके 50,000 गिरधर अंबरते सावंगा, 25000 रूपये स्वेच्छानुदान से मिली है।यह राशि जरूरतमंद मरीजों को उनके उपचार में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। परिवारजानो ने जनहित में किए गए इस प्रयास के लिए सांसद विवेक बंटी साहू ओर पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ का आभार व्यक्त किया है।



## जमतरा में एक दिवसीय अनुभूति कैम्प आज

**बिछुआ।** मध्यप्रदेश शासन के वन विभाग के द्वारा ईको पर्यटन विकास बोर्ड की अवधारणा पर स्कूली विद्यार्थियों में वन व वन्य प्राणी के बारे में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से सह प्रशिक्षण अनुभूति कैम्प का आयोजन आज 26 दिसम्बर को पेंच टाइगर रिजर्व क्षेत्र छिंदवाड़ा सिवनी के कुंभपानी बफरजोन परिक्षेत्र के द्वारा जमतरा प्रवेश द्वार में रखा गया है। कुंभपानी बफरजोन वन परिक्षेत्र मार्तण्ड सिंह मरावी ने बताया की मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक एक दिवसीय अनुभूति कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस अनुभूति कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वन व वन्य प्राणियों के लिए संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में आसपास के 120 स्कूली बच्चों का समावेश किया जाएगा।

## मंदिर ,मस्जिद ,चर्च ,गुरुद्वारा में तुलसी पौधा भेंट कर मनाया तुलसी पूजन दिवस



**छिंदवाड़ा।** तुलसी पूजन विश्वव्यापी अभियान के अन्तर्गत श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्टोकन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशाराम जी आश्रम खजरी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तुलसी पूजन दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। श्री योग वेदांत सेवा समिति के माध्यम से जिले भर के हजारों स्कूलों में , कई धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में यह आयोजन सम्पन्न हुआ । पर्यावरण संरक्षण हेतु ऐसे आयोजनों की महत्ता पूरे विश्व में नजर आई । समिति द्वारा आम जन मानस को तुलसी पौधे के महत्व से अवगत करवाकर वायु प्रदूषण से पूरे विश्व में होने वाली 70 लाख मौतें से बचाव के तुलसी पौधा के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व से भी अवगत कराया । समस्त प्राणियों का हित ध्यान में रखते हुए । मंदिर ,मस्जिद , चर्च ,गुरुद्वारा जिले के उच्च अधिकारी जिसमें पुलिस उप महानिरीक्षक (DIG ), जिला कलेक्टर , जिला पुलिसअधीक्षक , सहायक कलेक्टर , नगर निगम कमिश्ननर , एस डी एम , जिला भाजपा अध्यक्ष ,विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को तुलसी पौधा भेंट स्वरूप दिया गया । उधर गुरुकुल में देश के 24 राज्यों के अध्ययनरत विद्यार्थियों ने वैदिक रूप से तुलसी पूजन किया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार मुख्य रूप से उपस्थित रहे । एक माह से जारी इस सेवा से लगभग 6 लाख लोगों के लाभांवित होने की खबर है । इस प्रकार के आयोजन देश भर के 550 आश्रमों और 2500 समितियों द्वारा सम्पन्न हुए जिसमें करोड़ों करोड़ों लोग लाभांवित हुए । इस दैवीय कार्य में समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई , खजरीं आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष भगवानदीन साहू , कुनबी समाज के मार्गदर्शक सुभाष इंगले , बबलू माहोरे , भुपेश पहाड़े , अशोक कराडे , ओमप्रकाश डहेरिया , अश्विन पटेल , गोवर्धन मालवीय , कैलाश राउत ,महिला समिति से डॉ मीरा पराड़कर ,करुणेश पाल ,छाया सूर्यवंशी , विमल शेरके , शकुंतला कराडे आदि ने अपनी अपनी सेवाएं दी। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी भगवान दिन साहू ने दी ।

## अटल जी की जन्मजयंती पर भाजपा नगर मंडल ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**जुन्नारदेव।** भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जन्मजयंती के अवसर पर भाजपा नगर मंडल द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अटल जी के प्रेरणादायी जीवन, उनके विचारों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने अटल जी को विराट व्यक्तित्व का धनी बताते हुए उनके कार्यकाल में देश को समर्पित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं निर्णयों की जानकारी दी। विष्णु शर्मा ने उन्हें युगपुरुष एवं आदर्शवादी नेता कहा, वहीं राजेश श्रीवास्तव ने अटल जी की दूरदृष्टि और उनके कठोर लेकिन राष्ट्रहित में लिए गए फैसलों को रेखांकित किया। नगर परिषद अध्यक्ष रमेश सालोडे ने अटल जी को सुशासन का प्रतीक बताते हुए उनके कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख किया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, वरिष्ठ नेता शिवकुमार राय, अमरदीप राय, तरुण उपाध्याय, दर्शन मिगलानी, गौरव सिंह, मोनू जैन अपील समिति सदस्य सभापति पार्षद संजय जैन, दीप्ति साहू, प्रमोद बंडेवार अमित यादव राजेंद्र सूर्यवंशी प्रभा गुप्ता, सीमा पवार, राजेंद्र यादव, महेंद्र सूर्यवंशी, प्रमोद बंदेवार, भूषण अरोरा सहित पार्षद, सभापति, मंडल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सौंसर में लगेगी अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा, हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद सौसर की ओर से नगर के वार्ड 7 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रतिमा स्थान एवं अटल वाटिका का भूमि पूजन किया गया, सौसर नगर में लंबे समय से भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापना को लेकर मांग की जा रही थी जिसे सौसर नगर पालिका के द्वारा अब पूरा किया गया है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़,भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़,सौसर नपा अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा, भाजपा प्रवक्ता एड अजय धवले, उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे,की प्रमुख उपस्थिति में विधिवत साथ भूमि पूजन किया गया, इसके पूर्व अतिथियों के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के प्रतिमा का अभिवादन और पूजन किया गया, भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा भारत के नवनिर्माण भारत के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया है।

## मंगेश यादव, परिजनों का हो रहा है निरंतर सत्कार



**सौंसर।** हाल ही में बोरगाव के लाल मंगेश यादव का आईपीएल में चयन होने के बाद में निरंतर ग्राम बोरगांव में राजनीतिक सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों के द्वारा पहुंचकर उनके परिजनों का स्वागत किया जा रहा है। बुधवार को इंदौर के होटल रेडिसन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगेश यादव का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सत्कार करते हुए उनको मंगल कामनाएं दि,इधर बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई पांढुरना एवं विधान सभा इकाई सौसर द्वारा बोरगांव में मंगेश यादव के परिवार में पहुंचकर माता-पिता का पुष्पमाला एवं शॉल उड़ाकर स्वागत सत्कार किया गया,इस दौरान बहुजन समाज पार्टी जिला उपाध्यक्ष श्रीमती पमिता दिलावर मोटघरे महासचिव संजय ढोके,सौसर विधान सभा प्रभारी राजेश बागड़े,मयूर गजभिए ,दिलावर मोटघरे,रंगारे गुरूजी,श्रीमती रंजना ढोके मीणा सोनटक्के आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

## कठिन परिस्थितियों में भी धर्म का त्याग नहीं करना चाहिए: पं. बिहारीलाल शास्त्री



**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम रिछेड़ा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्री राम कथा के दौरान कथा व्यास पं. बिहारीलाल शास्त्री (उदयपुरा, जिला रायसेन) द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रमुख प्रसंगों का भावपूर्ण एवं प्रेरक वर्णन किया गया।कथा के दौरान ताड़का वध, अयोध्या से जनकपुर तक श्रीराम की बारात तथा धनुष भंग की कथा का सजीव चित्रण किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पं. शास्त्री जी ने धर्मो रक्षति रक्षितः का सार समझाते हुए कहा कि जो व्यक्ति धर्म की रक्षा करता है, उसकी स्वयं धर्म रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धर्म का त्याग नहीं करना चाहिए, क्योंकि धर्म ही मानव जीवन का सच्चा मार्गदर्शक है।इसी क्रम में सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की कथा के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि विपरीत हालातों में भी सत्य और धर्म के मार्ग से विचलित नहीं होना चाहिए। ताड़का वध प्रसंग के माध्यम से अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना का संदेश दिया गया। वहीं धनुष भंग की कथा में भगवान श्रीराम की मर्यादा, शक्ति और विनम्रता का सुंदर वर्णन करते हुए माता सीता के स्वयंवर प्रसंग को विस्तार से प्रस्तुत किया गया।अयोध्या से जनकपुर तक श्रीराम बारात के उल्लासपूर्ण वर्णन पर श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

## उपार्जन केन्द्रों में नियमों की अनदेखी, कचरा युक्त धान भण्डार केन्द्रों तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित मध्यप्रदेश स्टेट वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के भण्डार केन्द्र में कचरा युक्त धान पहुंचाया गया। विगत दिवस 25 दिसंबर 2025 को लगभग 1.30 बजे दोपहर को ट्रक क्रमांक एमपी 16 एच 0427 के माध्यम से बड़ी खैरी उपार्जन केन्द्र से लगभग 700 बोरी धान भण्डार गृह लाई गई। ट्रक की अनलोडिंग के दौरान जब लगभग एक चौथाई धान उतारा गया, तब उसमें से 17 बोरी धान को गोदाम प्रभारी द्वारा गुणवत्ता खराब पाए जाने पर रिजेक्ट कर दिया गया। गोदाम प्रभारी ने बताया कि खराब धान की सूचना संबंधित बड़ी खैरी उपार्जन केन्द्र को दे दी गई है। साथ ही शेष धान की अनलोडिंग के दौरान प्रत्येक बोरी की सर्वेयर द्वारा परखी लगाकर जांच की जा रही है। जो धान गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरेगा, उसे अलग रखकर उपार्जन केन्द्र को वापस किया जाएगा। हालांकि इस पूरे मामले में यह संदेह गहराता जा रहा है कि उपार्जन केन्द्र पर ही कचरा युक्त धान की खरीदी की जा रही है। परखी से जांच के बावजूद बड़े कचरे का सामने आना उपार्जन केन्द्र की लापरवाही की ओर इशारा करता है, क्योंकि परखी के दौरान कई बार मोटा कचरा पकड़ में नहीं आ पाता। इस प्रकरण ने उपार्जन व्यवस्था की पारदर्शिता और निगरानी प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं किसानों ने जिला प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की है।

## वीर बाल दिवस पर आयोजित हुआ पथ संचलन का कार्यक्रम



**भुआबिछिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर बिछिया द्वारा वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाल स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सरस्वती शिशु मंदिर बिछिया के प्रांगण में एकत्रीकरण हुआ और कार्यक्रम में सर्वप्रथम ध्वज पूजन एवं प्रार्थना हुई उसके बाद भारत माता, परम पूज्य डॉ हेडगेवार जी और परम पूज्य गोलवलकर जी के तैल चित्र में माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात बालस्वयंसेवकों का पथ संचलन नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए भुवा पहुंचा जहां से लौटकर सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में संचलन का समापन हुआ और फिर बौद्धिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वीर बाल दिवस के महत्व के बारे में अतिथियों ने उपस्थित बाल स्वयं सेवकों को बतलाया कि भारत में हर वर्ष दिसंबर माह में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिब जादों- जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है। गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों ने बहुत कम उम्र में धर्म, सच्चाई और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। उनका साहस आज भी देश को प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में नगर के समस्त स्वयंसेवक, अन्य संगठन के लोग, मातृ शक्तियां, नगर के गणमान्य नागरिक सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

**खेल आयोजन** | शासकीय हाईस्कूल विजयपुर एवं पिपरिया माध्यमिक शाला खेल परिसर में हुआ आयोजन।

# दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

* विजेताओं को दिये गये पुरूस्कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



बीजाडांडी में दो दिवसीय वार्षिक खेल शालेय प्रतियोगिता का शुभारम्भ दिनांक 23 दिसंबर 2025 को हुआ कार्यक्रम का प्रारंभ 23 दिसम्बर को माध्यमिक शाला पिपरिया के खेल प्रांगण में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष स्थाई शिक्षा समिति सह उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बीजाडांडी विजेंद्र यादव द्वारा विद्या एवं कला देवी माँ सरस्वती तैल चित्र पर माल्यार्पण -पूजा, विशिष्ट अतिथि माननीया सरपंच ग्राम पंचायत विजयपुर श्रीमति शांति मरावी जी, समाज सेवी श्रीमान बाजारीलाल यादव, समाज सेवी भगत मरावी एवं अन्य अतिथिगण शामिल हुये इन सबकी गरिमामयी उपस्थिति में 100 मी बालिका वर्ग दौड़ के साथ कार्यक्र्म प्रारंभ हुआ। इसी क्रम में हाई स्कूल बालक वर्ग 100 मी दौड़, माध्यमिक शाला पिपरिया बालक- बालिका 100 मी दौड़, बालक वर्ग क्रिकेट उमंग एवं मन दल के मध्य एवं बालिका वर्ग क्रिकेट क्रांति एवं प्रकृति दल के मध्य सम्पन्न हुआ। दूसरे दिवस 24 दिसंबर 2025 को शेष खेलो का आयोजन हुआ जिसमें प्राथमिक शाला विजयपुर में बोरी दौड़, जलेबी दौड़ एवं रिंग दौड़ शामिल थे माध्यमिक शाला पिपरिया में बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता एवं बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई हाईस्कूल विजयपुर में बालकर्ग्ग की कबड्डी एवं बॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित हुई तो वहीं बालिका वर्ग की खो-खो एवं पिट्टू प्रतियोगिता आयोजित की गई कार्यक्रम का समापन पुरूस्कार वितरण एवं प्रशस्ति पत्र वितरण उपरांत राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## ज्ञानदीप स्कूल के वार्षिक उत्सव में कलेक्टर व एसपी ने किया स्वामी विवेकानंद हाल का उद्घाटन




हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी स्कूल, मंडला में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर सोमेश मिश्रा तथा विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा रहे। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन संपन्न हुआ, इसके पश्चात नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद हाल का रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर विवेकानंद हाल के मंच पर दीप प्रज्ज्वलन कर विद्यालय परिवार को नए हाल की सौगात सौंपी गई। इसके बाद सरस्वती वंदना के साथ विद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। स्वागत नृत्य से आरंभ हुए कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। नर्सरी कक्षा से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियां देखकर उपस्थित पालक अत्यंत प्रसन्न और उत्साहित नजर आए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सचिव संजय तिवारी द्वारा मुख्य अतिथि कलेक्टर सोमेश मिश्रा का शाल एवं पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय खोत ने विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा का शाल एवं पौधा देकर सम्मान किया। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश दुबे एवं रफीक खान द्वारा विद्यालय समिति के सदस्य संजय तिवारी, अजय खोत, विनोद अग्रवाल, मनोज फागवानी, राजेश चौरसिया, प्रसन्न सराफ एवं जावेद अली खान का भी शाल एवं पौधा भेंटकर सम्मान किया गया। प्राचार्य द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें शैक्षणिक गतिविधियों, सहपाठ्यक्रम उपलब्धियों एवं विद्यालय के विकास कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं शाला सचिव संजय तिवारी द्वारा खेल एवं प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी पालकों को नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद हाल का अवलोकन करने के लिए आमंत्रित किया गया।

**खबर संक्षेप**

### जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों में 'जल अर्पण दिवस' कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड सिवनी द्वारा 'जल अर्पण दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कार्यपालन यंत्री नरेश कुवाल के निर्देशन में उपखंड सिवनी की ग्राम पंचायत बम्हनी एवं उपखंड केवलारी की ग्राम पंचायत बिछुआ रैयत में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित जल प्रदाय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी गई तथा जल के महत्व, उपयोगिता एवं संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपस्थित ग्रामीणों को जल कर राशि की मासिक वसूली, योजनाओं के नियमित रख-रखाव एवं समय-समय पर मेंटेनेंस की आवश्यकता के बारे में अवगत कराया गया।

इस अवसर पर स्नअय किट के माध्यम से पेयजल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण दिया गया तथा जल संरक्षण विषय पर उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कमजोर विद्यार्थियों के लिए निदानात्मक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए

## हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणाम उन्नयन हेतु प्राचार्य समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



संचालक लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु जिले के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक 24 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सिवनी के सभाकक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा परिणाम उन्नयन की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर ने निर्देश दिए कि सभी विद्यालय ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना बनाकर विगत सत्र की तुलना में बेहतर परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करें।

उन्होंने हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक परिणाम प्राप्त करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इससे अधिक विद्यार्थी शासन की लैपटॉप वितरण योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। साथ ही कमजोर परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों की सतत निगरानी, नियमित उपस्थिति एवं कमजोर विद्यार्थियों के लिए निदानात्मक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी, श्रीमती अंजली शाह ने विगत सत्र की तुलना में अद्र्धवार्षिक परीक्षा में कम परिणाम देने वाले विद्यालयों की समीक्षा करते हुए प्राचार्यों को 30 दिवसीय प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा शिक्षण एवं प्रार्थना सभा के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित करने पर भी बल दिया।

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, जबलपुर संभाग के उप संचालक पी.पी. सिंह एवं सहायक संचालक डॉ. डी.के. खरे ने बताया कि बेहतर परीक्षा परिणाम हेतु प्रत्येक विद्यालय को 30 दिवसीय विषयवार कार्ययोजना बनाकर उसका सख्ती से क्रियान्वयन करना आवश्यक है। साथ ही नियमित निरीक्षण, निदानात्मक कक्षाएं तथा विद्यार्थियों को प्रतिदिन विषयवार गृहकार्य देने के निर्देश दिए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी एस.एस. कुमरे ने बताया कि विगत पांच वर्षों के प्रश्नपत्रों का अभ्यास, मॉडल टेस्ट पेपर, समयबद्ध उत्तर लेखन अभ्यास एवं कमजोर व मेधावी विद्यार्थियों के लिए पृथक परीक्षण आयोजित किए जाएं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में सम्मानित कर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आर.आर. मेहता, सहायक संचालक आर.पी. पाटिल, सहायक संचालक संजीव राय (ए.पी.सी.), समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड अधिकारी उपस्थित रहे।

# लापता स्कूली छात्रा को कोतवाली पुलिस ने किया 24 घंटे के अंदर दस्तयाब

### पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा नाबालिग बालिकाओं की सकुशल दस्तयाबी हेतु हरसंभव प्रयास किये जाते रहे है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिक बालक बालिकाओं के अपहरण की रिपोर्ट पर त्वरित कार्यवाही करते हुए लगातार दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया जा रहा है। विगत माह ऑपरेशन मुस्कान में काफी अधिक संख्या में बालक बालिकाओं की दस्तयाबी सिवनी पुलिस द्वारा की गयी थी, इसी क्रम में उल्लेखनीय है कि दिनांक 21/12/2025 को प्रार्थिया अपहता की मां द्वारा नाबालिग बालिका उम्र 15 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कहीं ले जाने कि रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराने पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबध्द किया गया है।

उक्त प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर तत्काल अपहता की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर अलग-अलग टीम गठित कर संभावित स्थानों पर अपहता की तलाश पतासाजी की जाकर अपहता को 24 घंटे के अंदर दिनांक 22/12/2025 को दस्तयाब कर बालिका की कउंसलिंग करवाकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया है। नाम अपहताः- नाबालिग बालिका उम्र 15 वर्ष। सराहनीय कार्यः थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि. दयाराम शरणागत, उनि देवेन्द्र उइके, प्र.आर. लक्ष्मी बागडे. म. आर. मंजूलता डोंगरे की विशेष भूमिका रहीं हैं।

## ग्राम पंचायत सोनाडोंगरी नाला में बोरी बंधान कर जल संरक्षण का दिया संदेश

# नवांकुर संस्था- सतयुग सोसायटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट संस्था के द्वारा कराया गया जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान कार्य

### जल भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसे बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



**जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सोना डोंगरी के नाले में जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान कार्यक्रम किया गया।**

डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप 24 /12/ 2025 को ग्राम पंचायत सोनाडोंगरी में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं नवांकुर संस्था एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया और जल संरक्षण का एक मजबूत संदेश पूरे क्षेत्रों में प्रसारित किया कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद से जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला सर एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया एवं नवांकुर संस्था से कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती सीमा गडपायले के निर्देशन में ग्रामीणों के द्वारा लगभग 35 बोरी लगाकर नाले में अस्थाई बांध तैयार किया गया इस बोरी बंधान से आसपास के खेतों में नमी बढ़ेगी एवं सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी रहे एवं वर्षा जल के संचयन में वृद्धि होगी जिससे न केवल भूजल में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा एवं विचरण कर रहे पशु पक्षी एवं जानवरों के लिए पीने के पानी की भी व्यवस्था होगी

ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से यह सिद्ध किया कि छोटे-छोटे कार्य भी बड़े बदलाव ला सकते हैं कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया के द्वारा ग्रामीणों को जल संचय अभियान नाला संरक्षण नदी संरक्षण और जल संरक्षण जैसे लोकहित कार्य कार्य को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा ताकि भविष्य की पीढ़ी जल संकट से मुक्त होकर सुरक्षित जीवन जी सके इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया एवं नवांकुर संस्था से कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती सीमा गड़पायले जितेंद्र लिल्हारे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से शोभा बघेल परामर्शदाता कविता बेले परामर्शदाता एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं प्रदीप विश्वकर्मा अनुश्री यादव आरती बघेल दीपिका यादव एवं पूर्व परामर्शदाता धनेंद्र चौरसिया सर एवं ग्रामीण अमित बघेल राहुल तिवारी नितेश कटरे ललित वैश एवं सलिल तिवारी जी की उपस्थिति रही।

# निःशुल्क भव्य रोग निदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उगली।




जिले के विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली मुख्यालय में निःशुल्क भव्य रोग निदान शिविर एवं विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा मार्गदर्शन परामर्श के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन उगली में 24 दिसंबर दिन बुधवार को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है,इस शिविर के आयोजन करता समाजसेवी पत्रकार राजदीप रांहगडाले एवं सनराइज मॉडल स्कूल उगली के संचालक मनोज गुप्ता हर्सांजलि फिल्म प्रोडक्शन वीडियो फोटोग्राफी एवं ऑडियो रिकॉर्डिंग के संचालक महेंद्र डेहरिया केवलारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर के सुप्रसिद्ध डॉक्टर तंजीम आजमी एमबीबीएस डी.ए.एम.डी एवं डॉ उनेजा आजमी एमबीबीएस एमडी जो नागपुर स्थित कामठी सिटी हॉस्पिटल से संबंधित विशेषज्ञों की टीम के द्वारा निदान शिविर में आए मरीजों की जांच परीक्षण उपरांत इलाज परामर्श जो निःशुल्क किया जाना है का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

इस शिविर में सभी प्रकार की बीमारियों जैसे हृदय रोग ओपन हार्ट सर्जरी किडनी की पथरी मूत्र रोग पथरी ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसे कोई भी प्रकार का फ्रैक्चर अपघात जैसी बीमारियों का ऑपरेशन निःशुल्क शिविर जांच उपरांत सिटी हॉस्पिटल कामठी ले जाकर किया जाएगा,विशेष बात जांच के समय आयुष्मान कार्ड और आधार कार्ड एवं ठंड से बचाव के लिते गर्म कपड़े साथ में लेकर आना अनिवार्य है।

# बादलपार में विशाल इनामी दंगल मे दिल्ली के शमशाद पहलवान ने जीता पहला इनाम

**कुरई।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम बादलपार में विशाल इनामी दंगल का भव्य आयोजन किया गया। दंगल में दिल्ली, आगरा, प्रयागराज, हरियाणा, खंडवा, सिवनी, छिंदवाड़ा सहित विभिन्न जिलों एवं राज्यों से आए नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया।

दंगल में प्रथम पुरस्कार दिल्ली के शमशाद पहलवान ने जीतकर 31 हजार रुपये की इनामी राशि प्राप्त की, जबकि सौरभ पहलवान उपविजेता रहे। द्वितीय पुरस्कार के लिए दिल्ली के राहुल पहलवान एवं प्रयागराज के आकाश पहलवान के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, जिसकी इनामी राशि 21 हजार रुपये रखी गई थी। तृतीय पुरस्कार खंडवा के कालू पहलवान ने हरियाणा के प्रवीण पहलवान को पराजित कर 11 हजार रुपये जीते। चतुर्थ पुरस्कार दिल्ली के काली घटा पहलवान ने अमन पहलवान को हराकर 7 हजार रुपये प्राप्त किए। वहीं पंचम पुरस्कार हरियाणा के राजेंद्र पहलवान ने खंडवा के उमेंद्र पहलवान को पराजित कर 5 हजार रुपये की राशि जीती।

कार्यक्रम में बरघाट विधायक कमल मार्सकोले, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह ककोडिया, सम्माननीय चेतन सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य तेज सिंह रघुवंशी एवं घनश्याम सनोडिया, घुमक्कड़ जनजाति प्रदेश अध्यक्ष देवी सिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष लोचन सिंह मार्सकोले, भाजपा नेता भगवत राय, दिलीप राय, घनश्याम सराठे ,मंडल अध्यक्ष चंद्रभान रघुवंशी, महामंत्री परसराम चौहान, जनपद सदस्य राधेश्याम धुर्वे, मयंक तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं दर्शक उपस्थित रहे।




# भोपाल में वरिष्ठता बहाली और ई अटेंडेंस के विरोध में जिले के शिक्षकों ने भरी हुंकार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य शिक्षक संघ मप्र के द्वारा भोपाल में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक संवर्ग क्रो प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और ई अटेंडेंस जैसी अव्यवहरिक व्यवस्था क्रो समाप्त करने, अनुकम्पा नियम शिथिल करने, ग्रेज्यूटी एवं पुरानी पेंशन के लिये राज्य शिक्षक संघ मप्र के द्वारा ब्लॉक,जिला और प्रदेश स्तर पर चरण बद्ध धरना प्रदर्शन आयोजन किया गया। राज्य शिक्षक संघ मप्र के प्रान्त अध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री आवास जाकर मुख्यमंत्री के सचिव से चर्चा उपरांत ज्ञापन देकर मांगो क्रो पूरा करने का पुरजोर समर्थन किया। 25 दिसम्बर क्रो भोपाल में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन से जिले के शिक्षकों ने भी अपनी सहभागिता की सुनिश्चित की। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में सिवनी जिले के अध्यक्ष विपनेश जैन,गजेन्द्र बघेल, ब्रजमोहन सनोडिया, परसराम देशमुख, चिंतामन सनोडिया, सुनील तिवारी, नीलेश जैन,राकेश दुबे, बेनीराम प्रजापति,अनामिका बघेल,सावित्री उइके, झाम सिंह सिंगोतिया,महेश बघेल, शिवदयाल बघेल, तीरथ सनोडिया, हेमराज बघेल, सुरेश सनोडिया, ठाकुर सिंह मरकाम, राजाराम सनोडिया, सुमंत उइके, कृष्णा सनोडिया,सुनील कोरेटी धनसिंह धुर्वे,कमल धर्मक,धनराज सरोते सहित अनेक शिक्षकों ने प्रदेश स्तरीय धरना आंदोलन में भाग लिया।

# भूमिहीन परिवारों के सर्वेक्षण उपरांत पात्र-अपात्र सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल तथा राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक एफ-4209/2025/18-3 भोपाल दिनांक 17 नवम्बर 2025 में दिये गये निर्देशों के तहत मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदाय किया जाना) अधिनियम 1984 की धारा 3 एवं 4 में संशोधन के उपरांत पात्र परिवारों के सर्वेक्षण के निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देशों के पालन में आदेश क्रमांक 3150/आ0का0गो0/2025 सिवनी दिनांक 20 नवम्बर 2025 के अनुसार दलों का गठन कर जिला सिवनी अंतर्गत नगर पालिका सिवनी के कुल 24 वार्डों में सर्वेक्षण कार्य कराया गया। सर्वेक्षण के दौरान शासकीय/नगरपालिका/विकास प्राधिकरण की भूमि पर दिनांक 31.12.2020 की स्थिति में काबिज परिवारों का परीक्षण किया गया।

सर्वेक्षण में कुल 71 परिवारों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 22 परिवार पात्र तथा 49 परिवार अपात्र पाये गये। सर्वेक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र परिवारों की प्रारंभिक सूची प्रकाशित की जा रही है।

प्रकाशित सूची का अवलोकन अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय के नोटिस बोर्ड, जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय एवं नगर पालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। सूची के संबंध में सर्वसंबंधितों से दावे एवं आपत्तियां दिनांक 02 जनवरी 2026 तक आमंत्रित की गई हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावे एवं आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### अमृत हरित महाअभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**सिवनी, /** शासन के निर्देशानुसार जिले में अमृत हरित महाभियान का आयोजन किया जाना है। जारी आदेशानुसार प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने जिले में अभियान अंतर्गत वर्ष 2026-27 में किये जाने वाले पौधारोपण कार्यों के लिए श्रीमती पूर्वी तिवारी, परियोजना अधिकारी, शहरी विकास सिवनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शासन से प्राप्त निर्देशों का प्रभावी रूप से पालन सुनिश्चित करें।

# सुशासन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई गई शपथ

सिवनी, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी द्वारा प्रतिपादित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को स्मरण करते हुए उनके जन्मदिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व प्रतिवर्षानुसार सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सिवनी में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर द्वारा बुधवार 24 दिसम्बर को उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. व्ही. के. नावकर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा सिरसाम, डॉ. प्रदीप गेडाम, डॉ. वंदना कमलेश सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शपथ के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंड स्थापित करने, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केंद्रित एवं जवाबदेह बनाने तथा नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार हेतु सतत प्रयास करने का संकल्प लिया।

### ग्राम पंचायत अलोनिया में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआआयोजन



जनपद पंचायत सिवनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत अलोनिया में उस वेलफेयर सोसाइटी के तत्वधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क नेत्र जाट शिविर का आयोजन किया गया है इस आयोजन में ग्राम पंचायत के आसपास के ग्रामों के ग्रामीण अपने नेत्रों की जांच कराने लगातार पहुंच रहे हैं।

# मंत्री श्री सिंह परमार ने किया आयुष कार्यालय सिवनी का औचक निरीक्षण

**सिवनी, /** प्रदेश शासन के आयुष, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने बुधवार को आयुष विभाग सिवनी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री परमार द्वारा सर्वप्रथम कार्यालय परिसर में स्थित आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वन्तरि जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात मंत्री श्री परमार द्वारा आयुष कार्यालय के विभिन्न कक्षों, अभिलेखों एवं कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, साज-सज्जा, सुव्यवस्थित संधारण व्यवस्था तथा विकसित हर्बल गार्डन की सराहना करते हुए जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशवंत माथुर एवं समस्त स्टाफ के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने कार्यालय में स्थापित आचार्य सुश्रुत, आचार्य चरक एवं अन्य महान आयुर्वेदाचार्यों के छायाचित्रों को प्रेरणास्रोत बताते हुए आयुष पद्धति की महत्ता पर प्रकाश डाला।

निरीक्षण के दौरान मंत्री द्वारा आयुष विधाओं को आमजन तक अधिक लोकप्रिय, लाभकारी एवं स्वास्थ्यवर्धक बनाने, औषधियों के समुचित संधारण तथा मांग के अनुरूप सेवाओं के विस्तार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के पहले मंत्री श्री परमार द्वारा स्थानीय विधायक दिनेश राय, प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशवंत माथुर के साथ संयुक्त चर्चा कर जिले में 50 बिस्तरीय आयुर्वेदिक अस्पताल एवं हर्बल गार्डन की स्थापना हेतु प्रस्ताव तैयार कर विभाग को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

## डूंडा सिवनी आक्सन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में हो रही है चौंके छक्कों की बारिश

# शान 11 को हराकर पत्रकार टाईगर्स ने जीत के हीरो बने आसिफ खान और नीरू निर्मलकर आसिफ खान ने बनाया अर्धशतक



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में क्रिकेट का जादू सर चढ़कर बोल रहा है ओपन वर्ग के नौजवान खिलाड़ियों का जोश देखते बन रहा है वहीं वेटरन वर्ग के 40+ के खिलाड़ियों का जुनून भी चरम पर है। आईपीएल की तर्ज पर सिवनी के इतिहास में पहली बार डूंडा सिवनी के एमसीजी ग्राउंड में आयोजित डूंडा सिवनी आक्सन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के महा मुकाबले में जिले के वेटरन और ओपन वर्ग के धुरंधर बल्लेबाजों के गगन चुंबी चौके छक्के दर्शकों की तालियां बटोर रहे हैं वहीं गेंदबाजों की तूफानी रफ्तार और फिरकी गेंदबाज वाहवाही लूट रहे हैं। सिवनी जिले में पहली बार 11 ओनरों ने जिले वेटरन वर्ग के खिलाड़ियों की बोली लगाकर अपनी अपनी टीम तैयार की है वहीं 14 ओनरों ने ओपन वर्ग के अलग-अलग खिलाड़ियों की बोली लगाकर अपनी टीमों में शामिल किया है। 24 दिसंबर से प्रारंभ हुए डीएसओपीएल 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट के महाकुंभ का जिसका सीधा प्रसारण गौतम डिजिटल सेटअप द्वारा यूट्यूब चैनल के माध्यम से हर जगह देखा जा रहा है। वही साउंड सिस्टम सरगम डीजे के संचालक बाबू बिजली के द्वारा संचालित किया जा रहा है डूंडा सिवनी के एमसीजी ग्राउंड में आयोजित भव्य और अपने आप में शुमार रखने वाल टूर्नामेंट में रोजाना 5, 5 मैच खेले जा रहे हैं जिनमें दो मैच वेटरन वर्ग के जबकि 3 मैच ओपन वर्ग के खेले जा रहे हैं। आज का पहला मैच पत्रकार टाइगर्स विरूद्ध शान 11 के मध्य खेला गया, शान 11 ने टास जीतकर क्षेत्र रक्षण का निर्णय लिया जहां पहले बल्लेबाजी करने उतरी पत्रकार टाइगर्स की टीम ने 10 ओवर में तीन विकेट खोकर 121 रन बनाया। ओपनिंग बल्लेबाजी के लिए उतरे नीरू निर्मलकर और आसिफ खान अरी ने टीम के ताबड़तोड़ बल्लेबाजी किया। आसिफ खान ने 22 गेंदों का सामने करते हुए तूफानी पारी खेलते हुए 52 रन बनाए जिसमें 9 चौके और एक छक्का शामिल रहा वहीं साथ देते हुए नीरू निर्मलकर ने 39 रनों की आतिशी बल्लेबाजी की अगले विकेट पर विक्रांत पांडे और सिराज कुरेशी ने शानदार पारी खेलकर टीम के लिए 121 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में उतरी टीम शान 11 के खिलाड़ी जल्दी पवेलियन लौट गए शान 11 के दीपक डागा ने डटकर 47 रन और वसीम खान ने 23 रन बनाए। आखिर में शान 11 की टीम ने 5 विकेट खोकर 112 रन ही बना पाई। इस प्रकार टीम पत्रकार टाईगर्स ने यह मैच 9 रनों से जीत लिया। पत्रकार टाईगर्स की ओर से शानदार बालिंग करते हुए आसिफ खान ने 2 विकेट जबकि अजय अवधिया और वाहिद खान ने एक एक विकेट झटके अंतिम ओवर में नीरू निर्मलकर ने किफायती ओवर कर टीम पत्रकार टाईगर्स को विजयश्री दिलाई। पत्रकार टाईगर्स के संरक्षक डॉ सत्या ने जबरदस्त बेटिंग बालिंग और कप्तानी के लिए नीरू निर्मलकर एंव आफिस खान को पुरूष्कृत करते हुए हौसला बढ़ाया। दूसरा मैच मुस्तफा 11 और जैसे 11 के मध्य खेला गया। इस मैच में मुस्तफा 11 विजयी रही। इस विजय के चलते पत्रकार टाइगर्स के ओनर्स वाहिद खान और नंदन श्रीवास्तव ने पूरी टीम को बधाई दी

## खबर संक्षेप

### बालाघाट सिवनी मार्ग का नहीं हो रहा सुधार कार्य.. मरम्मत ठप्प

हरिभूमि न्यूज़ लालबर्रा। बालाघाट सिवनी मार्ग की मरम्मत का कार्य बंद पड़ा हुआ है और कुछ दिनों पूर्व मरम्मत का कार्य एकदम निम्न दर्जे का किया गया जिससे हजारों गड्ढे अभी भी मार्ग पर दिखाई दे रहे हैं कंजई लालबर्रा से लेकर कनकी तक हजारों छोटे और बड़े गड्ढे दिख रहे हैं जो आवागमन में आम राहगीरों के लिए बाधा उत्पन्न कर रहे हैं लालबर्रा सेंट्रल बैंक के पास तो कई दिनों से गड्ढा दिख रहा है लेकिन जिम्मेदार विभाग है कि इन गड्ढो की मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे अनहोनी घटना का अंदेशा बना हुआ है। साइट पटरी की तो स्थिति आप सीधे देख सकते हैं आखिर क्या कारण है की मरम्मत के नाम पर आम राहागिरो को ठगा जा रहा है घटिया मरम्मत कर लीपा पोती की जा रही है बालाघाट सिवनी मार्ग पर मंत्री, नेता और जिले के आला अधिकारी भी आवाजाही कर रहे हैं क्या उन्हें नहीं पता की मरम्मत के नाम पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है अभी भी बालाघाट सिवनी मार्ग की जर्जर स्थिति किसी से छिपी नहीं है जिला प्रशासन अधूरे पड़े मरम्मत के कार्य और उभरे गड्ढो की मरम्मत जल्द कराये।

### लौगुर वन परिक्षेत्र अधिकारी निलंबित, हट्टा वनपरिक्षेत्र अधिकारी को मिला अतिरिक्त प्रभार

**बालाघाट।** जिले में स्थित दक्षिण वन मंडल सामान्य के लौगुर वनपरिक्षेत्र सामान्य में पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी विवेक बघेल को जप्त ट्रैक्टरों में समय सीमा में कार्रवाई नहीं करने के कारण मुख्य वनसंरक्षक श्री गौरव चौधरी द्वारा निलंबित किए जाने की जानकारी मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लौगुर वनपरिक्षेत्र सामान्य के अंतर्गत स्थित जैतपुरी सर्किल के जैतपुरी भाग 2 बीट में 3 ट्रैक्टरों को वन क्षेत्र से अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए 21 सितम्बर 2024 को पकडक़र जप्त किया गया था। उन तीनो ट्रैक्टरों पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 11680/20, 11680/21, 11680/22 दिनांक 21-09-2024 दर्ज किया गया था तथा उक्त प्रकरण को वनपरिक्षेत्र अधिकारी लौगुर को उपमड़लाधिकारी बालाघाट सामान्य द्वारा 12-06-2025 को पत्र लिखकर पुनः जांच कर प्रकरण भेजे जाने लेख किया गया था किन्तु उक्त प्रकरण की जांच सही समय पर ना कर लेट लतिफी करने के कारण वनपरिक्षेत्र अधिकारी को निलंबित करने की जानकारी मिली है। मुख्य वनसंरक्षक द्वारा 24 दिसम्बर 2025 को लौगुर वनपरिक्षेत्र अधिकारी विवेक बघेल को निलंबित कर उनका प्रभार वनपरिक्षेत्र अधिकारी सामान्य सुरेन्द्र कुमार शेन्डे को सौफा गया है।

### धान उपार्जन में अनियमितता पर प्रशासन की सख्ती,



**बालाघाट।** धान उपार्जन केंद्रों में व्यापारियों द्वारा की जा रही संभावित अनियमितताओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से आज दिनांक 24 दिसंबर 2025 को प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। इसी क्रम में तहसीलदार सुश्री बबीता सूर्या, मंडी निरीक्षक श्री भीमेंद्र चौधरी एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री मिलन तिवारी द्वारा A.K.N. ट्रेडर्स, परसवाड़ा (तहसील किरनापुर) का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर श्री अरविंद नागफांसे मौके पर उपस्थित नहीं पाए गए। वहीं, उनके प्रतिनिधि श्री अनिल नागफांसे निरीक्षण दल के पहुंचते ही मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान मंडी पोर्टल के अनुसार प्रतिष्ठान में लगभग 6500 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। जांच टीम के कार्य में सहयोग न मिलने तथा घर में उपस्थित सदस्यों द्वारा भी जांच में असहयोग किए जाने के कारण प्रशासन द्वारा A.K.N. ट्रेडर्स परसवाड़ा के गोदाम को सील करने की कार्यवाही की गई है।

## न्यूट्रिक प्रो व्हॉलीबॉल टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर लालबर्रा में बैठक संपन्न

# टूर्नामेंट का आयोजन होने से भूतपूर्व व्हॉलीबॉल खिलाड़ी गदगद

औल्याकन्हार में आगामी न्यूट्रिक प्रो व्हॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 को भव्य और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कल, 25 दिसंबर को स्थानीय रेस्ट हाउस लालबर्रा में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

हरिभूमि न्यूज़ लालबर्रा।

बैठक में लालबर्रा क्षेत्र के वरिष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक, आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की प्रस्तावना औल्याकन्हार फिजिकल क्लब के चेयरमैन ओमप्रकाश बिसेन ने रखते हुए आयोजन की पृष्ठभूमि, अब तक की तैयारियों और भावी योजना को सभी के समक्ष रखा। वहीं एपीसी मेंटर शैलेन्द्र यादव ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस आयोजन का मूल लक्ष्य क्षेत्र में वॉलीबॉल खेल को पुनर्जीवित करना और युवाओं को सशक्त मंच प्रदान करना है। बैठक में कलीमुद्दीन हन्फी, मनोहर अग्रवाल, ज्ञानचंद शर्मा, दीपक तोमर सहित कई वरिष्ठ खिलाड़ियों व गणमान्य नागरिकों ने आयोजन को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। सभी सुझावों को सर्वसम्मति से सार्थक बताते हुए उन पर अमल करने का निर्णय लिया गया।

### बैठक में मिला त्वरित आर्थिक सहयोग

बैठक के दौरान टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए तुरंत आर्थिक सहयोग भी प्राप्त हुआ। इसमें भाऊराम गाढ़ेश्वर, दीपक तोमर, सलीम रंगरेज, अमित अग्रवाल, सलमान कुरैशी, अमीनुद्दीन हन्फी, धर्मेन्द्र ढांडे, कुद्दूस कुरैशी, जय ठाकरे, आईआर खान, वेद चूलपार, नसीम नाना, इलू नागोत्रा सहित अन्य सहयोगियों ने आर्थिक सहायता प्रदान की। आयोजकों ने इसे आयोजन के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और उत्साह का प्रतीक बताया।

### वरिष्ठ नागरिकों ने पुरस्कार राशि प्रदान की

बैठक में पुरस्कारों को लेकर भी महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। इसमें पुरुष वर्ग के द्वितीय पुरस्कार के रूप में 10 हजार रुपये हेमंत मुदलियार एवं कलीमुद्दीन हन्फी की ओर से दिए जाने की घोषणा की गई, वहीं महिला वर्ग के प्रथम पुरस्कार के रूप में 7 हजार रुपये ज्ञानचंद शर्मा की ओर से तथा महिला वर्ग के द्वितीय पुरस्कार के रूप में 5 हजार रुपये अय्यूब भारती एवं मनीष कुशवाहा की ओर से प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। इन पुरस्कार घोषणाओं से खिलाड़ियों के साथ-साथ आयोजन समिति में भी विशेष उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला।

### मैनेजमेंट कमेटी का गठन

टूर्नामेंट के सुचारु संचालन हेतु मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया गया, जिसमें हेमंत मुदलियार, वेदप्रकाश चूलपार, विकास झारिया, ओम मात्रे, कलीमुद्दीन हन्फी, कुद्दूस कुरैशी, शेख फिरोज एवं शैलेन्द्र यादव को शामिल किया गया। यह समिति ग्राउंड मैनेजमेंट, टीम समन्वय, फेयर प्ले, वालंटियर व्यवस्था एवं संपूर्ण संचालन की जिम्मेदारी संभालेगी।

### वॉलीबॉल को पुनर्जीवित करने का संकल्प

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि ग्राम औल्याकन्हार में बीते तीन वर्षों से खेल गतिविधियां निरंतर जारी हैं। पिछले वर्ष आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट की उल्लेखनीय सफलता से प्रेरित होकर इस वर्ष वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने का निर्णय लिया गया। लालबर्रा क्षेत्र में वॉलीबॉल का एक समृद्ध इतिहास रहा है और पं. नंदकिशोर शर्मा के योगदान को स्मरण करते हुए इसे पुनः नई ऊर्जा देने का संकल्प लिया गया।

### दमदार रही लोगों की उपस्थिति

आज मीटिंग में उपस्थित गणमान्य नागरिक एवं पूर्व व्हॉलीबॉल प्लेयर की बहुतायत में उपस्थिति रही। बैठक में आमंत्रित किए गए व्यक्तियों में से 95 प्रतिशत बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में जो लोग उपस्थित हुए उनमें ज्ञानचंद शर्मा, मनोहर अग्रवाल, अय्यूब भारती, भाउराम गाढ़ेश्वर, दीपक तोमर, धर्मेन्द्र ढांडे, मनीष कुशवाहा, हेमन्त मुदलियार, कलीमुद्दीन हन्फी, अमीनुद्दीन हन्फी, लव पटेल नगपुरे, ओमप्रकाश बिसेन एपीसी चेयरमैन, शरद धानेश्वर एपीसी सचिव, शैलेन्द्र यादव एपीसी मेंटर, आईआर खान, फिरोज खान, अमित अग्रवाल, विजय दुबे, मलिक भाई, सलीम भाई, अतुल श्रीवास, कुद्दूस कुरैशी, नसीम भाई, वेदप्रकाश चूलपार, विकास चौबे, मोहित सार्वे, ओम मात्रे, डामेन्द्र धानेश्वर, सलीमुद्दीन हन्फी, राधिका यादव, स्वाती दमाहे, जय ठाकरे, श्रद्धा बाहेश्वर, ऋषभ धुर्वे, अंशुल सूर्यवंशी, कुनाल सिल्हारे, दुर्गेश गोस्वामी, महेन्द्र चौहान, सोमदत्त यादव, भूमेश्वर कटरे एवं पत्रकारों में सलमान कुरैशी, राजू पंचेश्वर, चन्द्रकांत चन्द्रवार, लकेश पंचेश्वर, भोला श्रीवास, इमरान कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

बैठक में आमंत्रित किए गए लगभग 95 प्रतिशत लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह और सकारात्मक माहौल को स्पष्ट किया। अंत में सभी पूर्व खिलाड़ियों, गणमान्य नागरिकों और युवाओं ने तन, मन और धन से सहयोग देने का संकल्प लेते हुए बैठक को पूरी तरह सफल बताया। आयोजकों ने विश्वास जताया कि न्यूट्रिक प्रो व्हॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 लालबर्रा और औल्याकन्हार क्षेत्र के खेल इतिहास में एक यादगार अध्याय साबित होगा।

## जंगल के समीप ईंट भट्टों का संचालन.. किसने दी अनुमति.

# कंजई मे चल रहा ईंट का काला कारोबार..

हरिभूमि न्यूज़ लालबर्रा।

लालबर्रा क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों सहित ग्राम कंजई मे बिना शासन से अनुमति लिए गैर कानूनी तरीके से ईंट का काला कारोबार किया जा रहा है. जिससे राजस्व को भारी हानी हो रही है. मिली जानकारी के अनुसार कंजई वन विकास निगम अंतर्गत वन परिक्षेत्र से करीब जंगल से चंद ही दूरी पर ईंट भट्टो का संचालन किया जा रहा है ऐसे ही जंगल के करीब अनेकों ग्रामों में जगह जगह ईट का निर्माण किया जा रहा है जिससे वन और पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। जिम्मेदार वन और राजस्व विभाग इस और ध्यान दें और कार्रवाई करें..

### ईंट निर्माण के लिए मिट्टी का अवैध उत्खनन.

कंजई मे ईट के कारोबारी द्वारा राजस्व को नुकसान पहुंचाते हुए अवैध तरीके से मिट्टी और रेत का खनन कर ईंट का निर्माण किया जा रहा हैं और ईंट को महंगे दामों में बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं लेकिन यह कारोबारी शासन को सीधे नुकसान पहुंचा रहे हैं। न

### शासन से अनुमति लेते हैं ना रॉयल्टी, चल रहा काला कारोबार..

कार्रवाई का अभाव. फल फूल ईंट का कारोबार. कार्रवाई के अभाव में क्षेत्र में ऐसे दर्जनों ग्राम है जहां ईंट का व्यवसाय शासन से बगैर अनुमति लिए संचालित हो रहा है लेकिन संचालित अवैध ईंट भट्टो की जानकारी स्थानीय प्रशासन को भी नहीं है.. कार्रवाई के अभाव में लालबर्रा क्षेत्र में ईट का कारोबार फल के साथ फूल रहा है प्रशासन को चाहिए कि लालबर्रा क्षेत्र के दर्जनों गांव में बिना शासन से अनुमति लिए संचालित ईंट भट्टो के संचालकों से अनुमति के बारे में पूछताछ और संचालित ईंट भट्टो का निरीक्षण कर विधिवत कार्रवाई करें जिससे शासन को हो रही हानी को रोका जा सकेगा।

## मसीह मंदिर प्रार्थना भवन मरार टोली भानेगांव में प्रभु यीशु की जयंती मनाई

किरनापुर

ग्राम भानेगांव में स्थित मसीह मंदिर प्रार्थना भवन मरार टोली के प्रार्थना भवन में गुरुवार को क्रिसमस डे पर प्रभु ईशु का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। चर्च में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। पास्टर ने लोगों को प्रभु यीशु के बताए उपदेशों की जानकारी दी और सामूहिक प्रार्थना हुई। अंत में बच्चों को उपहार दिए।

चर्च में देर शाम तक कार्यक्रम चलता रहा और इसाई समाज के लोगों में हर्ष एवं खुशी की लहर नजर आयी। इस कार्यक्रम मे सत्यवान मड़ामे, पास्टर रोहित डोंगरे, रोहित बिजलेकर, लक्ष्मण भोगाड़े, गेंदलाल ठाकरे तेडवा, लक्ष्मण भोगाड़े ,, बसंती बाई पांचे टेमनी, सरसताबाई टेमनी, दुर्गेश महोबे बड़गांव, मीनाक्षी गनवीर, सोनू बहन, खेमूजी खोबरागड़े, धनकिशोर कामड़े एवं ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम रखा गया। सभी वक्ताओं ने अपने-अपने उद्बोधन में प्रभु यीशु के जीवन चरित्र को दर्शकों को समझाया। खुशी और उत्साह का प्रतीक क्रिसमस इसाई समाज का सबसे बड़ा पर्व है। आज पैदा मसीह हो गया, यीशु नाम है कितना महान, हर तरफ हर जगह तू ही तू यीशु, चमका चरनी में तारा हुआ सारे जग में उजियारा आदि गीतों से

### चर्च गूंज उठा। बच्चों और युवाओं ने यीशु पर तमाम गीतों की शानदार

प्रस्तुति दी। फादर ने यीशु के बताए शांति मार्ग पर चलने और सभी से प्रेम करने का संदेश दिया। बच्चों को बिस्कुट, टाफी, खिलौने आदि उपचार दिए। उपहार पाकर बच्चे भी खुशी से झूमने लगे। एवं भोज का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## नगर में धड़ल्ले से किया जा रहा मिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन

## वार्ड क्रमांक 1 का मामला, निजी तालाब को पाटने लाई जा रही मिट्टी



**हरिभूमि न्यूज़ लांजी।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 निवासी अनवर खोजा द्वारा अपने निजी तालाब को पाटने के लिये बिना प्रशासन की अनुमति के वार्ड क्रमांक 2 काशीटोला से मिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। जबकि नियमानुसार निजी तालाब को पाटने (भरने) के नियम राज्य और स्थानीय नियमों पर निर्भर करते हैंए लेकिन सामान्यतः यह अवैध है क्योंकि तालाब जल निकाय होते हैं, और सुप्रीम कोर्ट के आदेश हैं कि सार्वजनिक/ग्राम तालाबों को भरा नहीं जा सकता। भू-उपयोग परिवर्तन के लिए विशेष अनुमति और राजस्व संहिता संशोधन ज़रूरी है, जो बहुत मुश्किल है। अगर तालाब पूरी तरह निजी है और कानूनी रूप से भरा जा सकता है, तो भी पहले स्थानीय ग्राम पंचायत/अधिकारी (जैसे उप-जिलाधिकारी) से अनुमति लेनी पड़ती है और यह सुनिश्चित करना होता है कि इससे किसी सार्वजनिक हित या पर्यावरण को नुकसान न हो, खासकर अगर वह मत्स्य पालन या सिंचाई के लिए इस्तेमाल होता हो। संक्षेप में, तालाब को पाटना आसान नहीं है और इसके लिए सरकारी अनुमति और कानूनी प्रक्रिया का पालन करना ज़रूरी है, जो अक्सर मुश्किल होता है क्योंकि जल निकाय संरक्षण को प्राथमिकता दी जाती है। परंतु वार्ड नं. निवासी अनवर खोजा द्वारा शासन के नियमों को ताक पर रखकर तालाब तो पाटा जा रहा है वहीं उसके लिये वार्ड नं. 2 के काशीटोला स्थित भूमि जो वनविभाग से सटी हुई है, उक्त स्थान से मिट्टी का जेसीबी लगाकर अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है जो नियम विरूद्ध है। परंतु जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं होने से तालाब मालिक द्वारा अपनी मनमानी करते हुए इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।

**अनको भूमि पर अनवर खोजा का अवैध कब्जा....** सूत्र बताते है की वार्ड नं. 1 निवासी अनवर खोजा द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों की भूमि पर अपना अवैध कब्जा किया गया है। परंतु शिकायत न होने के कारण उसके द्वारा इस तरह के कार्यों को बड़ी आसानी से अंजाम दिया जा रहा है। वहीं प्रशासन के नुमाइंदो द्वारा जानकारी होने के बावजूद उक्त व्यक्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। अनवर खोजा द्वारा वार्ड नं. 1 स्थित तालाब को पाटकर प्लॉट में तब्दील किया जा रहा है जिसमें हजारों ट्रेक्टर मिट्टी का भरन किया जा रहा है। तथा मिट्टी के उत्खनन एवं परिवहन की अनुमति प्रशासन से नहीं ली गई है। साथ ही खनिज अधिकारी को भी इस संबंध में जानकारी है, परंतु उनके द्वारा नगरीय क्षेत्र के बाहर तो कार्यवाही लगातार की जा रही है मगर नगर के भीतर उक्त अवैध कार्य को रोकने में लापरवाही बरती जा रही है जो कहीं न कहीं तालाब मालिक से खनिज विभाग की संलिप्तता की ओर ईशारा करता है।





## प्रबुद्ध तथागत फाउंडेशन द्वारा किया गया बैगा परिवारों को कंबल व स्वेटर का वितरण

बालाघाट।

प्रबुद्ध तथागत फाउंडेशन बोरी की टीम गुरुवार को जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर घुम्मुर पंचायत के भोगाद्वार पहुँची, जहाँ सरपंच जयपाल सिंह तिलगम की उपस्थिति में सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुरकुत्ता, चिखली, कोड़बीकोना, घुम्मुर सहित आसपास के गाँवों से आए लगभग 200 बैगा परिवारों को कंबलों का वितरण किया गया। इसके साथ ही श्याम कौशल एवं संतोष असाटी के सौजन्य से दान में प्राप्त100 बच्चों को गर्म स्वेटर प्रदान किए गए तथा सभी लाभार्थियों को बिस्कुट वितरित किए गए। शिविर के दौरान फाउंडेशन के सचिव महेंद्र मेश्राम, रफी अंसारी, अखिलेश ठाकुर एवं श्याम कौशल ने उपस्थित ग्रामीणों को संस्था द्वारा संचालित जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी दी। फाउंडेशन के प्रतिनिधि रफी अंसारी ने बताया कि आईएएस मुकेश कुमार मेश्राम एवं उनके सहयोगी दानदाताओं के सहयोग से फाउंडेशन पिछले 13 वर्षों से विशेष रूप से आदिवासी बैगा बहुल क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक सामग्री का वितरण कर रही है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा। वही फाउंडेशन के सचिव महेंद्र कुमार मेश्राम ने बताया कि संस्था केवल राहत सामग्री वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर और निर्धन परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपना जीवन-यापन कर सकें। उन्होंने बताया कि नवंबर और दिसंबर माह के दौरान विभिन्न शिविरों के माध्यम से लगभग 1000 कंबलों तथा 300 बच्चों को स्वेटर वितरित किए जा चुके हैं। घुम्मुर पंचायत के बैगा बाहुल्य गावं भोगाद्वार में आयोजित इस शिविर को सफल बनाने में रफी अंसारी, अखिलेश ठाकुर, नितेश उचबुगले, राहुल टेंभरे, संजय अजीत, यशवंत खैरवार के साथ-साथ सरपंच जयपाल सिंह तिलगम, उपसरपंच सोनूसिंह धुर्वे, समृत सिंह धुर्वे, रामसिंह मरावी, सचिव रफीक खान, गुलाब मरावी एवं धनकुंवर मरावी का विशेष सहयोग रहा।

# रेलवे विभाग नपा को हस्तांतरित करेगा सरेखा अंडरपास

## नपाध्यक्ष ने रेलवे, सेतू विभाग एवं तकनीकी टीम के साथ किया संयुक्त निरीक्षण

### गौरी भाऊ के संकल्प हो रहे साकार

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।

**शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने वाला सरेखा रेलवे अंडरपास अब पूर्णतः नवीनीकरण के बाद नए स्वरूप में सामने आया है। रेलवे विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक से रिनोवेट किए गए इस अंडरपास को अब नगर पालिका परिषद बालाघाट को हस्तांतरित किया जा रहा है, जिसकी कागजी प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। अंडरपास की गुणवत्ता, तकनीकी सुदृढ़ता एवं संचालन व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने रेलवे विभाग, सेतू संभाग एवं नगरपालिका की तकनीकी टीम के साथ संयुक्त निरीक्षण किया।**

**गौरी भाऊ के संकल्प हुए साकार** – दूरगामी सोच के दिखने लगे परिणाम

नपाध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान बताया कि शहर में यातायात समस्या के स्थायी समाधान के लिए जिले के सर्वमान्य नेता गौरीशंकर बिसेन (गौरी भाऊ) द्वारा लिए गए संकल्प आज साकार होते दिख रहे हैं। सरेखा आरओबी और उसके नीचे बने अंडरपास का निर्माण उसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सरेखा आरओबी एवं अंडरपास आज शहरवासियों को राहत दे रहे हैं, उसी तरह गर्रा आरओबी एवं भटेरा रोड आरओबी के साथ ही जागपुर बैनगंगा पुलिया भी शीघ्र ही जनता को समर्पित किए जाएंगे। यह सभी परियोजनाएं गौरी भाऊ की दूरगामी योजना और विकास दृष्टि का सशक्त प्रमाण हैं।



**अंडरपास की आकर्षक चित्रकारी बनी शहर की सुंदरता का प्रतीक**

नपाध्यक्ष ने बताया कि सरेखा रेलवे अंडरपास में पूर्व में जलभराव और सड़क क्षति जैसी समस्याएं सामने आई थीं। इन्हीं खामियों को ध्यान में रखते हुए रेलवे विभाग द्वारा इसका संपूर्ण पुनर्निर्माण कराया गया है। अब यहां आकर्षक चित्रकारी, बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था और आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे यह अंडरपास न केवल यातायात के लिए सुरक्षित हुआ है बल्कि शहर की सुंदरता भी बढ़ा रहा है।

**मेट्रो सिटी की तर्ज पर किया गया तकनीकी नवाचार**

रेलवे विभाग द्वारा अंडरपास के पुनर्निर्माण में मेट्रो सिटी की तकनीक अपनाई गई है। जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु सेंसरयुक्त मोटर पंप लगाए गए हैं, जो पानी भरते ही स्वतः चालू हो जाएंगे और पानी को पंप हाउस में भेज देंगे।

इस तकनीक के संचालन एवं देखरेख के लिए नगरपालिका के 6 कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे भविष्य में लंबे समय तक किसी सुधार कार्य की आवश्यकता न पड़े।

**नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि** —

"पूर्व में जब यह अंडरपास प्रारंभ किया गया था, तब इसमें अनेक खामियां सामने आई थीं। पानी का रिसाव होता था और नीचे बनी सड़क बहुत कम समय में खराब हो गई थी। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे विभाग द्वारा निविदाकार से सभी सुधार कार्य कराए गए हैं। आज हमने समस्त इंजीनियरों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के साथ यहां निरीक्षण एवं जांच की है। सभी तकनीकी परीक्षणों के बाद यह अंडरपास अब पूरी तरह गुणवत्तायुक्त और सुरक्षित प्रतीत हो रहा है। सभी प्रकार की जांच पूरी होने के उपरांत इसे विधिवत नगर पालिका परिषद को हस्तांतरित किया जाएगा, ताकि इसका बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जा सके।"

**रेलवे, सेतू विभाग एवं नपा का संयुक्त निरीक्षण**

संयुक्त निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी गई कि अंडरपास में लगाए गए सेंसरयुक्त पंप जलभराव की आशंका होते ही स्वतः सक्रिय हो जाएंगे। पुनर्निर्माण के बाद अंडरपास को जल्द ही प्रारंभ कर दिया जाएगा और हस्तांतरण प्रक्रिया पूर्ण होते ही नगर पालिका द्वारा इसका सुव्यवस्थित संचालन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर के साथ उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति वकील वाधवा, कमलेश पांचे, सेतू विभाग के कार्यपालन यंत्री अर्जुन सनोडिया, रेलवे विभाग के इंजीनियर्स, सीएमओ बी.डी. कतरोलिया, इंजीनियर सुमित मोटवानी, ज्योति मेश्राम सहित तकनीकी अमला उपस्थित रहा ।